परिपत्र-1

उत्तर प्रदेश शासन
नियोजन अनुभाग-1
संख्या: 20/2018/497/35-1-2018-7-295/ज.नि.प्र./2017
लखनऊ: दिनांक: 22 जून, 2018

कार्यालय-ज्ञाप

उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरियों हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सीधी भर्ती की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये सेवा प्रदायी संस्थाओं (ह्यूमन रिसोर्स एजेन्सीज) जैसा कि यूपीडेस्को के पत्र संख्या-1112 दिनांक 21 मई, 2018 में व्यक्त किया गया है, का पैनल तैयार करने के सम्बन्ध में श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- प्रदेश में विभिन्न विभागों की सरकारी नौकरियों हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रक्रिया द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से सीधी भर्ती करने के लिये, जैसा कि इस शासनादेश में उल्लिखित है, के अनुसार विभिन्न यूजर विभाग विभागीय निहित प्रक्रिया के अन्तर्गत सुविचारित आवश्यकतानुसार सक्षम स्तर से नियमानुसार अनुमोदनोपरान्त सूचीबद्ध सेवा प्रदायी संस्थाओं की सेवायें प्राप्त कर सकेंगे।

3- यूपीडेस्को के ई-टेण्डर सन्दर्भ संख्या- GoUP_IT_ Online_Exam_2018 टेण्डर आईडी 2018_UDSCL_166554_1 एवं सन्दर्भ संख्या- GoUP_IT_ Offline_Exam_2018 टेण्डर आईडी 2018_UDSCL_167697_1 के अन्तर्गत निहित प्रक्रियानुसार दोस्तरीय समिति (प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को एवं शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति) के परीक्षणोंपरान्त निम्न अर्ह संस्थाओं का पैनल तैयार किया जाता है :-

3 अ- ऑनलाइन भर्ती परीक्षाओं हेतु अर्ह संस्थायें :-

क्र0सं0	निविदादाताओं का नाम एवं पता
1-	एडूक्वेटी कैरियर टेक्नॉलोजीज प्रा0 लि0, (Eduquity Career Technologies Private Limited) नं0 433, प्रथम सी मेन, 7वां ब्लॉक एक्सटेंशन, कोरामंगला, बैंगलुरू-560095
2-	मेरीट्रेक्स सर्विसेज प्रा0 लि0 (Merittrac Services Private Limited) मार्केट स्क्वायर #12/5, चतुर्थ तल, कायकोण्डरहल्ली, वारथूर होबली, सरजापुरा मेन रोड, बैंगलुरू-560035
3-	एनएसईआईटी लि0 (NSEIT Limited) ट्रेड ग्लोब, अंधेरी, कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4-	एनवाईएसए कम्युनिकेशन प्रा0लि0 (NYSA Communications Pvt. Limited) ए-100, सेक्टर-65, नोएडा-201301 (उ0प्र0)।
5-	सिफी टेक्नॉलोजीज लि0 (Sify Technologies Limited) दूसरा तल, टिडेल पार्क नं0-4, राजीव गांधी सलाई, तारामणि, चेन्नई-600113
6-	टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज लि0 (Tata Consultancy Services Limited) टी0सी0एस0 अवध पार्क, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
7-	यूएस टेक्नॉलोजी इंटरनेशनल प्रा0 लि0 (US Technology International Private Limited) # 721 निला, टेक्नो पार्क, त्रिवेन्द्रम-695581

3 ब- ऑफलाइन भर्ती परीक्षाओं हेतु अर्ह संस्थायें :-

क्र0सं0	निविदादाताओं का नाम एवं पता
1-	एनवाईएसए कम्युनिकेशन प्रा0लि0 (NYSA Communications Pvt. Limited) ए-100, सेक्टर-65, नोएडा-201301 (उ0प्र0)।
2-	टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज लि0 (Tata Consultancy Services Limited) टी0सी0एस0 अवध पार्क, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

नोट- यूजर विभागों के उपयोगार्थ इम्पैनलमेन्ट हेतु आर0एफ0पी0 एवं कोरिजेण्डम नियोजन विभाग की वेबसाइट-http//planningupricin पर उपलब्ध है।

4- इस शासनादेश के प्रस्तर-3 में उल्लिखित सूचीबद्ध संस्थाओं का पैनल उनके द्वारा निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत अभिलेखों के आधार पर किया गया है। नियोजन विभाग को यूपीडेस्को द्वारा उपलब्ध कराये गये निविदादाताओं के तकनीकी बिड अभिलेख नियोजन विभाग की वेबसाइट-http//planningupricin पर उपलब्ध करा दिया गया है, जिससे यूजर विभाग आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सकेंगे।

5- प्रस्तर-3 में उल्लिखित सीधी भर्ती प्रतियोगी परीक्षा हेतु संस्थाओं का इम्पैनलमेन्ट 03 वर्ष के लिये किया गया है, जिसको आवश्यकतानुसार नियोजन विभाग द्वारा आगे 02 वर्ष के लिये विस्तारित किया जा सकता है। इम्पैनल्ड संस्थाओं की अदयतन सूची नियोजन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न् विभागों को समय-समय पर उपलब्ध करायी जायेगी।

6- सेवा प्रदायी संस्थाओं द्वारा कार्य सम्पादन पर होने वाला व्यय सम्बन्धित विभाग स्वयं वहन करेंगें। इम्पैनलमेन्ट हेतु तैयार किया गया ई-टेण्डर सन्दर्भ संख्या- GoUP_IT_Online_Exam_2018 टेण्डर आईडी 2018_UDSCL_166554_1 एवं सन्दर्भ संख्या- GoUP_IT_Offline_Exam_2018 टेण्डर आईडी 2018_UDSCL_167697_1 तकनीकी बिड है, जिसमें कोई

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

वित्तीय बिड आमंत्रित नहीं की गयी है। सम्बन्धित विभागों द्वारा अपनी आवश्यकतानुसार एल-1 आधारित मात्र वित्तीय ई-निविदा (विशेष परिस्थिति में क्यू0सी0बी0एस0 आधारित तकनीकी एवं वित्तीय ई-निविदा) आमंत्रित कर सुसंगत नियमों के अनुसार मूल्यांकन करेंगे।

7- ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सीधी भर्ती प्रतियोगी परीक्षा हेतु विभाग अपनी आवश्यकतानुसार सेवायें प्राप्त करने हेतु चयनित सेवा प्रदायी संस्थाओं की सूचना नियोजन विभाग को समय-समय पर उपलब्ध करायेंगे।

संजीव सरन
अपर मुख्य सचिव।

संख्या: 20 /2018/497/35-1-2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
4- कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
5- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
6 समिति के समस्त सदस्यगण।
7- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0।
8- समस्त विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन ।
9- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
10- निजी सचिव, सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
11- निदेशक, जनशक्ति नियोजन प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0।
12- समस्त प्रभागाध्यक्ष, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0।
13- समस्त अधिकारी, नियोजन विभाग/राज्य योजना आयोग/नियोजन विभाग एवं राज्य योजना आयोग के समस्त अनुभाग/भूमि उपयोग परिषद।

आज्ञा से,

(आर0एन0एस0 यादव)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in